<u>संदेश</u>

चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पड़वा, चेती चाँद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ।

भारतीय नव वर्ष के आगमन पर मनाए जाने वाले हमारी आस्था के प्रतीक - ये पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति के वाहक हैं। खुशियों के ये त्योहार समाज में सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हम प्रकृति का आभार भी व्यक्त करते हैं।

में कामना करती हूं कि ये सभी त्योहार भारत के विभिन्न समुदायों को प्रेम, सौहार्द और स्नेह के बंधन में बांधें और सभी के लिए खुशहाली और सुख-समृद्धि लेकर आएं।

****